Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

119018625 119018625 119018625 119018625

उत्तर पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और द्वितीय प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर पत्रक के दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं द्वितीय प्रति को अलग नहीं करें। वीक्षक द्वारा उत्तर पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, द्वितीय प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौपेंगे। परीक्षार्थी द्वितीय प्रति को अपने साथ ले जायें



वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा-2022 दिनांक-19/06/2022 समय-10 से 12

# प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : **24** | |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : **100** | |
| अवधि / Duration : **2.00** घंटे / Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : **100** |

**119A**

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Number 119018625

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. Candidate will himself be responsible for filling wrong Roll No.
2. At the start of the examination, before attempting the question paper kindly check your test booklet and O.M.R. Answer Sheet and ensure that:

* The serial numbers of test booklet and O.M.R. answer sheet are same.
* All pages of test booklet and O.M.R. answer sheet are properly printed. All questions from S. No. **1** to last S. No. **100** are printed and pages from S. No. **1** to last S. No. **24** are there in the question booklet.

In case of any discrepancy/defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and O.M.R answer sheet. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.

3. Answer all questions.
4. All questions carry equal marks.
5. Only one answer is to be given for each question.
6. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
7. Negative marking is applied, one third (1/3) of the marks allotted to the question will be deducted for every wrong answer. Wrong answer shall mean an incorrect answer or multiple answers..
8. Each question has four alternative responses marked serially as **(A), (B), (C), (D).** Candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
9. Use of Mobile Phone/ Bluetooth Devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material is found with any candidate, strict action will be taken by the Board against him/her as per rule.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.

**Warning** : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair Means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examinations of the Board.

## निर्देश

1. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नंबर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व, परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें कि:

* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के क्रमांक एक समान हैं।
* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पत्र पुस्तिका में प्रश्न सं. **1** से अन्तिम क्रमांक **100** तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार **1** से **24** तक मौजूद हैं।

किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
7. ऋणात्मक अंकन देय है, प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न पर आवंटित अंकों का एक तिहाई (1/3) काट लिया जाएगा। गलत उत्तर का अर्थ होगा अनुचित उत्तर या एक से अधिक उत्तर।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिन्हें क्रमशः **(A), (B), (C), (D)** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
9. मोबाईल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध बोर्ड द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
10. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेज़ी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न का अंग्रेज़ी रूपान्तरण मान्य होगा।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और **राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 1992** की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए / Do not open this test booklet until you are asked to do so.**

1. In 1923, which newspaper did Rajasthan Seva Sangh published from Ajmer?
(A) Young Rajasthan (B) Tyagbhoomi
(C) Navjyoti (D) Tarun Rajasthan

1923 में, अजमेर से प्रकाशित राजस्थान सेवा संघ के समाचार पत्र का नाम क्या था?
(A) यंग राजस्थान (B) त्यागभूमि
(C) नवज्योति (D) तरुण राजस्थान

2. Select the wrong pair -
(A) Queen's stepwell – Bundi
(B) Harshnath Baori – Sikar
(C) Chand Baori – Dausa
(D) Mandakini Baori – Ajmer

गलत युग्म चुनिए –
(A) रानी जी की बावड़ी – बूंदी
(B) हर्षनाथ की बावड़ी – सीकर
(C) चाँद बावड़ी – दौसा
(D) मंदाकिनी बावड़ी – अजमेर

3. Which of the following statements is not true relating to P. Satyanarayana Rao Committee?
(A) This committee recommended Jaipur to be the capital of Rajasthan.
(B) This committee recommended the Headquarter of Public Service Commission to be in Ajmer.
(C) This committee recommended the High Court to be in Jodhpur.
(D) This committee recommended the Headquarter of Agricultural Department to be in Udaipur.

पी. सत्यनारायण राव समिति के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?
(A) इस समिति ने जयपुर को राजस्थान की राजधानी बनाने की सिफारिश की।
(B) इस समिति ने लोक सेवा आयोग का मुख्यालय अजमेर रखे जाने की सिफारिश की।
(C) इस समिति ने हाईकोर्ट जोधपुर रखे जाने की सिफारिश की।
(D) इस समिति ने कृषि विभाग का मुख्यालय उदयपुर रखे जाने की सिफारिश की।

4. Arrange the following Chauhan rulers chronologically and choose the correct answer using the code given below –
(1) Prithviraj Rai Pithora
(2) Prithviraj II
(3) Vigraharaja IV
(4) Someshwar
Code -
(A) 1, 2, 3, 4 (B) 4, 3, 2, 1
(C) 3, 2, 4, 1 (D) 1, 4, 2, 3

निम्नलिखित चौहान शासकों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –
(1) पृथ्वीराज राय पिथौरा
(2) पृथ्वीराज II
(3) विग्रहराज IV
(4) सोमेश्वर
कूट –
(A) 1, 2, 3, 4 (B) 4, 3, 2, 1
(C) 3, 2, 4, 1 (D) 1, 4, 2, 3

5. Who was the builder of 'Jaswant Thada' of Jodhpur?
(A) Maharaja Bakhat Singh
(B) Maharaja Sardar Singh
(C) Maharaja Umaid Singh
(D) Maharaja Vijay Singh

जोधपुर के 'जसवंत थड़ा' का निर्माता कौन था?
(A) महाराजा बख्त सिंह
(B) महाराजा सरदार सिंह
(C) महाराजा उम्मेद सिंह
(D) महाराजा विजय सिंह

6. Asir Khan, Ruknuddin, Chandulal belong to which style of painting?
(A) Dhundhar style (B) Bundi style
(C) Uniara style (D) Bikaner style

आसीर खाँ, रुक्नुदीन, चन्दूलाल चित्रकला की किस शैली से संबंधित हैं?
(A) ढूँढाड़ शैली (B) बूंदी शैली
(C) उनियारा शैली (D) बीकानेर शैली



7. Which one of the following dances is not performed by Sahariya tribe?
(A) Bichhwa dance (B) Jhela dance
(C) Shikari dance (D) Dwichakri dance

निम्नलिखित में से कौन सा एक नृत्य सहरिया जनजाति द्वारा नहीं किया जाता है?
(A) बिछवा नृत्य (B) झेला नृत्य
(C) शिकारी नृत्य (D) द्विचक्री नृत्य

8. On which part of female body was Bulak ornament worn?
(A) Ears (B) Nose
(C) Neck (D) Waist

बुलाक आभूषण स्त्रियाँ शरीर के किस भाग में धारण करती हैं?
(A) कान (B) नाक
(C) गर्दन (D) कमर

9. Which of the following states was the first to enter into subsidiary alliance (treaty) with the British East India Company?
(A) Kota (B) Karauli
(C) Jodhpur (D) Udaipur

सबसे पहले निम्न में से किस राज्य ने ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ सहायक गठबंधन (संधि) किया?
(A) कोटा (B) करौली
(C) जोधपुर (D) उदयपुर

10. Loknatyakar Dulia Rana and Nanuram are associated with which Khyal?
(A) Jaipuri (B) Kuchamani
(C) Hela Khyal (D) Shekhawati khyal

लोक नाट्यकार दूलिया राणा एवं नानूराम किस ख्याल से सम्बद्ध हैं?
(A) जयपुरी (B) कुचामनी
(C) हेला ख्याल (D) शेखावटी ख्याल

11. Rajavati and Nagarchol are sub dialect of which dialect?
(A) Mewari (B) Dhundhari
(C) Rangadi (D) Bagdi

राजावटी एवं नागरचोल किस बोली की उप–बोलियाँ हैं?
(A) मेवाड़ी (B) ढूँढाड़ी
(C) रांगड़ी (D) बागड़ी

12. Morchang is -
(A) An aerophone instrument
(B) A non-membranous percussion instrument
(C) A plucked stringed instrument
(D) A percussion instrument

मोरचंग है –
(A) एक सुषिर वाद्य
(B) एक घन वाद्य
(C) एक तत वाद्य
(D) एक अवनद्ध वाद्य

13. "Languria" song is the attraction of which fair?
(A) Jeen Mata's fair (B) Ramdevji's fair
(C) Sheetla Mata's fair (D) Kailadevi's fair

"लांगुरिया" गीत किस मेले का आकर्षण है?
(A) जीण माता का मेला (B) रामदेवजी का मेला
(C) शीतला माता का मेला (D) कैलादेवी का मेला

14. Which folk deity of Rajasthan is also known as "Dholiyavir"?
(A) Pabuji (B) Kabir
(C) Gogaji (D) Tejaji

राजस्थान के कौन से लोक देवता को "धोलियावीर" के नाम से भी जाना जाता है?
(A) पाबूजी (B) कबीर
(C) गोगाजी (D) तेजाजी

15. Match the following –

**List-I**

(A) Rajasthan Sangeet Natak Academy

(B) Arabic Persian Research Institute

(C) Ravindra Manch

(D) Bhartiya Lok Kala Mandal

**List-II**

(1) Tonk

(2) Jaipur

(3) Jodhpur

(4) Udaipur

Choose the correct option -

(A) A-3, B-1, C-2, D-4

(B) A-1, B-2, C-3, D-4

(C) A-2, B-3, C-1, D-4

(D) A-4, B-3, C-2, D-1

सुमेलित कीजिए –

**सूची–1**

(A) राजस्थान संगीत नाटक अकादमी

(B) अरबी फारसी शोध संस्थान

(C) रविन्द्र मंच

(D) भारतीय लोककला मंडल

**सूची–2**

(1) टोंक

(2) जयपुर

(3) जोधपुर

(4) उदयपुर

सही कूट का चयन कीजिए –

(A) A-3, B-1, C-2, D-4

(B) A-1, B-2, C-3, D-4

(C) A-2, B-3, C-1, D-4

(D) A-4, B-3, C-2, D-1

16. Which of the following statements related with Ghatiyala Inscription is false?

(A) In the inscription there is description of the Pratihara ruler Harish Chandra and his decendents.

(B) In the inscription there is mention of 'Maga' caste Brahmins.

(C) The inscription describes the transfer of the capital to Mandor by Nagbhatta-I.

(D) This inscription is a set of 4 inscriptional writings.

घटियाला अभिलेख से संबंधित निम्नलिखित कथनों में असत्य है –

(A) अभिलेख में प्रतिहार शासक हरिशचन्द्र एवं उसके वंशजों का विवरण है।

(B) अभिलेख में 'मग' जातीय ब्राह्मणों का उल्लेख है।

(C) अभिलेख में नागभट्ट–I के राजधानी को मंडोर में स्थानांतरित करने का विवरण है।

(D) यह अभिलेख 4 अभिलेखीय लेखों का एक समूह है।

17. Budha Pushkar, Hokra, Jayal archaeological sites are related to which period?

(A) Neolithic period (B) Palaeolithic period

(C) Bronze age (D) Chalcolithic period

बूढ़ा पुष्कर, होकरा, जायल पुरास्थल किस काल से संबंधित हैं?

(A) नवपाषाण काल से (B) पुरापाषाण काल से

(C) कांस्य काल से (D) ताम्रपाषाण काल से



18. Which of the following (sect-main temple/bench) is an incorrect pair?

(A) Alakhiya sect – Bilada (Jodhpur)

(B) Niranjani sect – Gaadha village (Didwana)

(C) Laldasi sect – Dholidub (Alwar)

(D) Gudar sect – Dantra (Bhilwara)

निम्नलिखित में से कौन सा (सम्प्रदाय–प्रमुख मंदिर/पीठ) असंगत युग्म है?

(A) अलखिया सम्प्रदाय – बिलाड़ा (जोधपुर)

(B) निरंजनी सम्प्रदाय – गाढ़ा गांव (डीडवाना)

(C) लालदासी सम्प्रदाय – धोलीदूब (अलवर)

(D) गूदड़ सम्प्रदाय – दाँतड़ा (भीलवाड़ा)

19. Tulja Bhawani temple is situated at -

(A) Nadol (B) Baran

(C) Chittorgarh (D) Rajsamand

तुलजा भवानी का मंदिर स्थित है –

(A) नाडौल (B) बारां

(C) चित्तौड़गढ़ (D) राजसमंद

20. Which Pratihara ruler assumed the title of "Adivaraha"?

(A) Nagabhatta I (B) Nagabhatta II

(C) Vatsaraja (D) Mihirbhoja

किस प्रतिहार शासक ने "आदिवराह" की उपाधि धारण की?

(A) नागभट्ट I (B) नागभट्ट II

(C) वत्सराज (D) मिहिरभोज

21. When was the city of Jaipur established?

(A) 1734 AD (B) 1868 AD

(C) 1727 AD (D) 1714 AD

जयपुर शहर की स्थापना कब हुई थी?

(A) 1734 ई. (B) 1868 ई.

(C) 1727 ई. (D) 1714 ई.

22. Which of the following rulers was bestowed the Jagirs of Shamshabad and Nurpur and the title of 'Rai' by Akbar?

(A) Mota Raja Udaisingh of Marwar

(B) Mansingh of Amer

(C) Rai Singh of Bikaner

(D) Rai Mukund Singh

अकबर द्वारा निम्नलिखित में से किस शासक को शमशाबाद एवं नूरपुर की जागीर एवं 'राय' की उपाधि दी गई?

(A) मारवाड़ के मोटाराजा उदयसिंह को

(B) आमेर के मानसिंह को

(C) बीकानेर के रायसिंह को

(D) राय मुकुन्द सिंह को

23. Who wrote 'Buddhivilas'?

(A) Balmukund (B) Bakhatram

(C) Budhhiprakash (D) Balchand

'बुद्धिविलास' किसने लिखा?

(A) बालमुकुन्द (B) बख़्तराम

(C) बुद्धिप्रकाश (D) बालचन्द

24. Gypsiferous soil is found in which district of Rajasthan?

(A) Bikaner (B) Kota

(C) Karauli (D) Dungarpur

जिप्सीफेरस मिट्टी राजस्थान के किस जिले में मिलती है?

(A) बीकानेर (B) कोटा

(C) करौली (D) डूंगरपुर

25. Which statement is not correct?

(A) Indira Gandhi Nahar Project is the largest Canal project of India.

(B) It has seven lift canals to provide water in various districts.

(C) It has 204 km long feeder canal.

(D) It starts from the pong dam situated at the confluence of Sutlej and Beas.

कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) इंदिरा गांधी नहर परियोजना भारत की सबसे बड़ी नहर परियोजना है।

(B) इसमें सात लिफ्ट नहरें हैं जिससे विभिन्न जिलों में पानी दिया जाता है।

(C) इसमें 204 किमी. लम्बी फीडर नहर है।

(D) यह पोंग बांध से प्रारम्भ होती है जो सतलज और ब्यास नदी के संगम पर स्थित है।

26. Match the following –

**Peaks**

(A) Raghunathgarh

(B) Ser

(C) Dora Mountain

(D) Gogunda

**Height (in metre)**

(I) 840

(II) 869

(III) 1597

(IV) 1055

Code is -

(A) A-IV, B-III, C-I, D-II

(B) A-IV, B-III, C-II, D-I

(C) A-III, B-IV, C-II, D-I

(D) A-I, B-III, C-II, D-IV

सुमेलित कीजिए –

**चोटियाँ**

(A) रघुनाथगढ़

(B) सेर

(C) डोरा पर्वत

(D) गोगुंडा

**ऊँचाई (मीटर में)**

(I) 840 (II) 869

(III) 1597 (IV) 1055

कूट है –

(A) A-IV, B-III, C-I, D-II

(B) A-IV, B-III, C-II, D-I

(C) A-III, B-IV, C-II, D-I

(D) A-I, B-III, C-II, D-IV

27. According to Census 2011, match the following –

**District**

(A) Rajsamand

(B) Dungarpur

(C) Pali

(D) Pratapgarh

**Sex ratio**

(I) 994 (II) 983

(III) 987 (IV) 990

Code is -

(A) A-IV, B-I, C-II, D-III

(B) A-IV, B-I, C-III, D-II

(C) A-I, B-IV, C-III, D-II

(D) A-II, B-I, C-III, D-IV

जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए –

**जिले**

(A) राजसमंद

(B) डूंगरपुर

(C) पाली

(D) प्रतापगढ़

**लिंग अनुपात**

(I) 994 (II) 983

(III) 987 (IV) 990

कूट है –

(A) A-IV, B-I, C-II, D-III

(B) A-IV, B-I, C-III, D-II

(C) A-I, B-IV, C-III, D-II

(D) A-II, B-I, C-III, D-IV

119018625



28. Modified Area Development Approach program was started in the year -

(A) 1970-71 (B) 1972-73

(C) 1978-79 (D) 1980-81

परिवर्तित क्षेत्र विकास उपागम कार्यक्रम किस वर्ष प्रारम्भ किया गया?

(A) 1970-71 (B) 1972-73

(C) 1978-79 (D) 1980-81

29. Match the following

**Koppen's climate region**

(A) AW

(B) BShw

(C) BWhw

(D) Cwg

**District**

(I) Banswara

(II) Ganganagar

(III) Dholpur

(IV) Sikar

Code is -

(A) A-I, B-IV, C-II, D-III

(B) A-I, B-IV, C-III, D-II

(C) A-IV, B-I, C-II, D-III

(D) A-III, B-IV, C-II, D-I

निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए –

**कोपेन के जलवायु प्रदेश**

(A) AW

(B) BShw

(C) BWhw

(D) Cwg

**जिले**

(I) बांसवाड़ा

(II) गंगानगर

(III) धौलपुर

(IV) सीकर

कूट है –

(A) A-I, B-IV, C-II, D-III

(B) A-I, B-IV, C-III, D-II

(C) A-IV, B-I, C-II, D-III

(D) A-III, B-IV, C-II, D-I

30. Which animal mascot and district is not correctly matched?

(A) Chital deer - Jaipur

(B) Kala Teetar - Jhunjhunu

(C) Kabar Bijju - Banswara

(D) Demoiselle Crane - Jodhpur

कौनसा पशु शुभंकर और जिला सुमेलित नहीं है?

(A) चीतल हिरण – जयपुर

(B) काला तीतर – झुंझुनूं

(C) कबर बिज्जू – बांसवाड़ा

(D) डेमोइसेल क्रेन – जोधपुर

31. Match the following

**Minerals**

(A) Pyrite

(B) Rock Phosphate

(C) Garnet

(D) Emerald

**Mines**

(I) Kalaguman

(II) Birmania

(III) Saladipur

(IV) Rajmahal

Code is -

(A) A-I, B-II, C-IV, D-III

(B) A-II, B-III, C-IV, D-I

(C) A-III, B-II, C-I, D-IV

(D) A-III, B-II, C-IV, D-I

निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए –

**खनिज**

(A) पाईराइट

(B) रॉक फास्फेट

(C) गारनेट (तामड़ा)

(D) एमराल्ड (पन्ना)

**खान**

(I) कालागुमान

(II) बिरमानिया

(III) सलादीपुर

(IV) राजमहल

कोड है –

(A) A-I, B-II, C-IV, D-III

(B) A-II, B-III, C-IV, D-I

(C) A-III, B-II, C-I, D-IV

(D) A-III, B-II, C-IV, D-I

119018625

32. Green Energy Corridor will pass through which of the following districts of Rajasthan?
(A) Bikaner, Nagaur, Jodhpur
(B) Alwar, Bharatpur, Jaipur
(C) Jaipur, Tonk, Kota
(D) Kota, Baran, Jhalawar

ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर राजस्थान के किन जिलों से गुजरेगा?
(A) बीकानेर, नागौर, जोधपुर
(B) अलवर, भरतपुर, जयपुर
(C) जयपुर, टोंक, कोटा
(D) कोटा, बारां, झालावाड़

33. Which among the following (Landform-District/Districts) is not correctly matched?
(A) Girwa – Udaipur
(B) Bhakar – Dungarpur and Banswara
(C) Bap Boulder – Jodhpur
(D) Great Boundary Fault – Bundi and Sawai Madhopur

निम्नलिखित में से कौन सा (भू–आकृति – जिला / जिले) सुमेलित नहीं है?
(A) गिरवा – उदयपुर
(B) भाकर – डूंगरपुर और बांसवाड़ा
(C) बाप बोल्डर – जोधपुर
(D) बृहद सीमा भ्रंश – बूंदी और सवाई माधोपुर

34. 108th Indian Science Congress (I.S.C.) will be held in which city of Rajasthan?
(A) Jaipur (B) Jodhpur
(C) Udaipur (D) Kota

108वीं इंडियन साइंस कांग्रेस (आई. एस. सी.) का आयोजन राजस्थान के किस शहर में किया जाएगा?
(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) उदयपुर (D) कोटा

35. Which statement is not correct?
(A) Indira Gandhi Shahari Rozgar Guarantee Yojana is announced in Rajasthan budget of 2022-23.
(B) It provides 100 days of employment to the families of urban areas every year.
(C) It has provision of 800 crore rupees.
(D) For works of special nature the ratio of material cost and remuneration will be 25:75.

कौन सा कथन असत्य है?
(A) राजस्थान के बजट 2022-23 में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना की घोषणा की गई है।
(B) इसमें प्रतिवर्ष शहरों में रहने वाले परिवारों को 100 दिन का रोजगार प्रदान किया जाएगा।
(C) इसमें 800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।
(D) विशेष प्रकृति के कार्यों हेतु सामग्री लागत तथा पारिश्रमिक भुगतान का अनुपात 25:75 होगा।

36. In 'U.N. Sustainable Development Goals Index 2021' (version 2.0), which of the following districts of Rajasthan performed the best?
(A) Kota (B) Churu
(C) Jhunjhunu (D) Sikar

'संयुक्त राष्ट्र (यू.एन.) सतत विकास लक्ष्य सूचकांक 2021' (संस्करण 2.0) में, राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया?
(A) कोटा (B) चूरू
(C) झुंझुनूं (D) सीकर



37. On 26th Jan, 2022 Rajasthan Governor Shree Kalraj Mishra laid the foundation stone of a Constitution park at -
(A) Ummed Palace (Jodhpur)
(B) Raj Bhavan (Jaipur)
(C) City Palace (Udaipur)
(D) Brij Vilas Palace (Kota)

26 जनवरी, 2022 को संविधान पार्क का शिलान्यास राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र द्वारा कहाँ किया गया?
(A) उम्मेद पैलेस (जोधपुर)
(B) राज भवन (जयपुर)
(C) सिटी पैलेस (उदयपुर)
(D) बृज विलास पैलेस (कोटा)

38. According to Airport Authority of India, in Financial Year 2021-22 among busiest airports of India, Jaipur ranks -
(A) 10th (B) 12th
(C) 14th (D) 15th

एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारत के व्यस्त हवाई–अड्डों में, जयपुर का स्थान है –
(A) 10वाँ (B) 12वाँ
(C) 14वाँ (D) 15वाँ

39. Who has been awarded Dr. Komal Kothari Smriti Life Time Achievement Lok Kala Puraskar in February 2022?
(A) Vijay Verma (B) Alok Tripathi
(C) Murliya Sharma (D) Deepika Shah

डॉ. कोमल कोठारी स्मृति लाइफ टाइम अचीवमेंट लोक कला पुरस्कार फरवरी 2022 में किसे प्रदान किया गया है?
(A) विजय वर्मा (B) आलोक त्रिपाठी
(C) मुरलिया शर्मा (D) दीपिका शाह

40. The author of the book 'Heartbeat of Rajasthan-Rahis Bharti and Dhoad' is -
(A) Martine Le Coz (B) Francis Le Coz
(C) Govind Prasad Sharma (D) H. E. Emmanuel

'हार्टबीट ऑफ राजस्थान–रहीस भारती एंड धोद' पुस्तक के लेखक हैं –
(A) मार्टिन ले कोज़ (B) फ्रांसिस ले कोज़
(C) गोविन्द प्रसाद शर्मा (D) एच. ई. इमेन्युएल

41. Rajasthan Water Sector Livelihood Improvement Project (RWSLIP) is funded by which organization/organizations?
(A) By Japan International Corporation Agency (JICA)
(B) By Japan International Corporation Agency (JICA) and Asian Development Bank (ADB)
(C) By Asian Development Bank (ADB)
(D) By Self Help Groups and Asian Development Bank (ADB)

राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना (आर.डब्ल्यू.एस.एल.आई.पी.) का वित्त पोषण किस संस्था / संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है?
(A) जापान इन्टरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेन्सी (जे.आई.सी.ए.) द्वारा
(B) जापान इन्टरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेन्सी (जे.आई.सी.ए.) व एशियन डेवलपमेंट बैंक (ए.डी.बी.)
(C) एशियन डेवलपमेंट बैंक (ए.डी.बी.) द्वारा
(D) स्वयं सहायता समूहों व एशियन डेवलपमेंट बैंक (ए.डी.बी.) द्वारा

42. On 14th December, 2021 who has been made the State Brand Ambassador of Rajasthan Rural Livelihood Development Council (Rajiveeka)?

(A) Mamta Bhardwaj (B) Seema Sharma
(C) Ruma Devi (D) Poonam Jain

राज्य सरकार द्वारा 14 दिसंबर, 2021 को राजस्थान ग्रामीण आजीविका परिषद् (राजीविका) का स्टेट ब्रांड एम्बेसडर किसे बनाया गया है?

(A) ममता भारद्वाज को (B) सीमा शर्मा को
(C) रूमा देवी को (D) पूनम जैन को

43. The atmosphere of Venus planet is made up of the thick white and yellowish clouds of -

(A) Nitric acid (B) Hydrochloric acid
(C) Sulphuric acid (D) Magnesium hydroxide

शुक्र ग्रह का वायुमंडल घने सफेद व पीले बादलों से बना है, जो बने हैं –

(A) नाइट्रिक अम्ल के (B) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के
(C) सल्फ्यूरिक अम्ल के (D) मैग्नीशियम हाइड्रॉक्साइड के

44. Which is not correctly matched?

(A) Law of Gravitation – Newton
(B) Theory of Relativity – Einstein
(C) Dynamite – Alfred Nobel
(D) Telescope – Marconi

कौनसा सुमेलित नहीं है?

(A) गुरुत्वाकर्षण का नियम – न्यूटन
(B) सापेक्षता का सिद्धांत – आइंसटाईन
(C) डाइनामाइट – अल्फ्रेड नोबल
(D) टेलिस्कोप – मारकोनी

45. Which is not correctly matched?

(A) Vitamin A – Night Blindness
(B) Vitamin B – Beriberi
(C) Vitamin C – Colour blindness
(D) Vitamin D – Rickets

कौनसा सही सुमेलित नहीं है?

(A) विटामिन ए – रतौंधी
(B) विटामिन बी – बेरीबेरी
(C) विटामिन सी – वर्णांधता
(D) विटामिन डी – रिकेट्स

46. In eye donation which part of the eye is utilized?

(A) Iris (B) Cornea
(C) Retina (D) Lens

नेत्रदान में नेत्र के किस भाग का उपयोग किया जाता है?

(A) आयरिस (परितारिका) (B) कॉर्निया
(C) रेटिना (D) लैंस

47. A type of horticulture which involves plants growing without soil -

(A) Tillandsias (B) Aglaonema
(C) Hygroponics (D) Hydroponics

बागवानी का एक प्रकार जिसमें बिना मृदा के पौधे उगते हैं –

(A) टिलेण्डसियस (B) एग्लोनीमा
(C) हाइग्रोपोनिक्स (D) हाइड्रोपोनिक्स

48. Which of the following glands is called mixed gland?

(A) Pituitary gland (B) Thyroid gland
(C) Adrenal gland (D) Pancreas

निम्न ग्रन्थियों में से कौन सी मिश्रित ग्रन्थि कहलाती है?

(A) पीयूष ग्रन्थि (B) अवटु ग्रन्थि
(C) अधिवृक्क ग्रन्थि (D) अग्नाशय



49. Elisa test is performed to test which disease?

(A) Typhoid (B) T.B.
(C) Diabetes (D) AIDS

एलीसा टेस्ट किस बीमारी की जाँच के लिए किया जाता है?

(A) टाइफाइड (B) टी.बी.
(C) मधुमेह (D) एड्स

50. Neoprene rubber is a polymer of -

(A) Isoprene (B) Chloroprene
(C) Monoprene (D) Polyprene

निओप्रीन रबर बहुलक है –

(A) आइसोप्रीन का (B) क्लोरोप्रीन का
(C) मोनोप्रीन का (D) पॉलीप्रीन का

51. 2 cubes each of volume 64 $cm^3$ are joined end to end. The surface area of the resulting cuboid is –

(A) 128 $cm^2$ (B) 140 $cm^2$
(C) 150 $cm^2$ (D) 160 $cm^2$

दो घनों जिनमें से प्रत्येक का आयतन 64 $cm^3$ है, के संलग्न फलकों को मिलाकर एक ठोस बनाया जाता है। इससे प्राप्त घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल होगा –

(A) 128 वर्ग से.मी. (B) 140 वर्ग से.मी.
(C) 150 वर्ग से.मी. (D) 160 वर्ग से.मी.

52. Read the following information to answer the given question :
Six friends A, B, C, D, E and F are sitting in a row. F is to the left side of B and to the right side of D. C is to the left side of A. There is one friend between A and D. There are two friends between E and B.
Who is sitting on the immediate right side?

(A) A (B) C
(C) B (D) D

दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित सूचना को पढ़े :
छः दोस्त A, B, C, D, E और F एक पंक्ति में बैठे हैं। F, B के बाएं ओर और D के दाएं ओर है। C, A के बाएं ओर है। A और D के बीच एक दोस्त है। E और B के बीच दो दोस्त हैं।
ठीक दाहिने ओर कौन बैठा है?

(A) A (B) C
(C) B (D) D

53. A, B, C, D, E, F and G are the names of two rivers, three canals and two valleys. B, G and D are not canals. E and F are not rivers. C is a canal but A is a valley. B, F and G are not valley. Which are the three canals?

(A) A, C and E (B) C, E and F
(C) A, C and F (D) E, F and G

A, B, C, D, E, F और G दो नदियों, तीन नहरों और दो घाटियों के नाम हैं। B, G और D नहर नहीं हैं। E और F नदियां नहीं हैं। C नहर है लेकिन A एक घाटी है। B, F और G घाटियां नहीं हैं। कौनसी तीन नहरें हैं?

(A) A, C एवं E (B) C, E एवं F
(C) A, C एवं F (D) E, F एवं G

**54.** Total numbers from 1 to 500 which are divisible by both 3 and 7 are equal to –

(A) 22 (B) 23

(C) 24 (D) 25

1 से 500 तक की संख्याओं में 3 और 7 दोनों से विभाजित होने वाली कुल संख्याएं बराबर हैं –

(A) 22 (B) 23

(C) 24 (D) 25

**55.** Which of the following three – digit numbers will be second largest among them when 2 is subtracted from the middle digit of each number and the positions of the first and third digits are interchanged?

(A) 853 (B) 572


(C) 489 (D) 368

निम्न तीन अंकों की संख्याओं में से दूसरी सबसे बड़ी संख्या कौनसी होगी जबकि प्रत्येक संख्या के मध्य अंक में से 2 को घटाया जाता है और पहले तथा तीसरे अंकों को परस्पर बदल दिया जाता है?

(A) 853 (B) 572

(C) 489 (D) 368


**56.** Find the missing number in the following set of figures –




(A) 20 (B) 25

(C) –15 (D) 30


निम्न चित्रों के समूह में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए –





(A) 20 (B) 25

(C) –15 (D) 30


**57.** Choose the Venn diagram that depicts the correct relationship among Men, Women and Musicians –




वेन आरेख का चयन कीजिए जो पुरुष, महिला और संगीतकार में संबंधों को सही रूप से दर्शाता है –




**58.** Four positions of a dice are shown below -





What number is opposite to 3?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 6

एक पासे की चार स्थितियाँ नीचे दर्शाई गई हैं –




3 के विपरीत कौनसी संख्या है?

(A) 2 (B) 3

(C) 4 (D) 6



**59.** Find the next term of the following number series –
5, 24, 61, 122, 213, 340, ?

(A) 468 (B) 509

(C) 528 (D) 614

निम्न संख्या श्रेणी का अगला पद ज्ञात कीजिए –
5, 24, 61, 122, 213, 340, ?

(A) 468 (B) 509

(C) 528 (D) 614

**60.** A candidate attempted 12 questions and secured full marks in all of them. If he obtained 60% in the test and all questions carried equal marks, then what is the number of questions in the test?

(A) 36 (B) 30

(C) 25 (D) 20

एक उम्मीदवार ने 12 प्रश्नों का प्रयास किया और उन सभी में पूर्ण अंक प्राप्त किए। यदि उसने परीक्षा में 60% प्राप्त किया और सभी प्रश्नों के अंक समान थे, तो परीक्षा में प्रश्नों की संख्या कितनी है?

(A) 36 (B) 30

(C) 25 (D) 20

**61.** The ratio of the number of boys and girls in a college is 7:8. If the percentage increase in the number of boys and girls be 20% and 10% respectively, then what will be the new ratio?

(A) 8 : 9 (B) 17 : 18

(C) 21 : 22 (D) Cannot be determined

किसी महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं की संख्याओं का अनुपात 7:8 है। यदि छात्र एवं छात्राओं की संख्या में क्रमशः 20% एवं 10% की वृद्धि कर दी जाए, तब नया अनुपात क्या होगा?

(A) 8 : 9 (B) 17 : 18

(C) 21 : 22 (D) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**62.** If the length of a rectangle increases by 10%, by what percent should the breadth decrease to maintain the same area?

(A) 10% (B) 11%


(C) 9.11% (D) 11.9%

यदि आयत की लंबाई को 10% की वृद्धि की जाती है, तो आयत का क्षेत्रफल समान रखने के लिए चौड़ाई को कितना प्रतिशत कम किया जाए?

(A) 10% (B) 11%

(C) 9.11% (D) 11.9%


**63.** In the given figure, the missing term is –




(A) 16 (B) 18

(C) 17 (D) 19

दिए गए चित्र में, लुप्त पद है –





(A) 16 (B) 18

(C) 17 (D) 19

119018625

**64.** Study the following figure to answer the question –




What is the sum of the numbers located in only two figures?

**(A)** 11 **(B)** 12

**(C)** 13 **(D)** 14

प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित चित्र का अध्ययन करें –




केवल दो आकृतियों में स्थित संख्याओं का योग क्या है?

**(A)** 11 **(B)** 12

**(C)** 13 **(D)** 14



**65.** A certain patterns is given sequentially in the question figures. From the answer figures, select the figure which continues the pattern given in the question figures.



Question figures:



(1) (2) (3) (4)


Answer figures :

**(A)**  **(B)** 

**(C)**  **(D)** 



प्रश्न आकृतियों में क्रमबद्ध रूप से एक निश्चित पैटर्न दिया गया है। उत्तर आकृतियों में से उस आकृति को चुनिए जो प्रश्न आकृतियों में दिए गए पैटर्न को जारी रखे।



प्रश्न आकृति :



(1) (2) (3) (4)

उत्तर आकृति :

**(A)**  **(B)** 

**(C)**  **(D)** 

**66.** In the following question, select the related word from the given alternatives -

French : France : : Dutch : .....?......

**(A)** Fiji **(B)** Sweden

**(C)** Holland **(D)** Norway

निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द का चयन कीजिए –


फ्रेंच : फ्रांस : : डच : .......?.......



**(A)** फिज़ी **(B)** स्वीडन



**(C)** हॉलैंड **(D)** नॉर्वे




**67.** Select the related figure from the given alternatives –







**(A)**  **(B)** 

**(C)**  **(D)** 

दिए गए विकल्पों में से संबंधित आकृति का चयन करें –




**(A)**  **(B)** 

**(C)**  **(D)** 

**68.** Which answer figures given will complete the pattern in the question figure?

Question figure –




Answer figures –

**(A)**  **(B)** 


**(C)**  **(D)** 

निम्नलिखित दी गई उत्तर आकृतियों में से कौनसी प्रश्न आकृति को पूरा करती है?

प्रश्न आकृति –



उत्तर आकृतियां –

**(A)**  **(B)** 

**(C)**  **(D)** 

**69.** Find the odd one out –

2, 5, 10, 50, 500, 5000

**(A)** 2 **(B)** 5

**(C)** 10 **(D)** 5000

विषम पद को ज्ञात कीजिए –

2, 5, 10, 50, 500, 5000

**(A)** 2 **(B)** 5

**(C)** 10 **(D)** 5000

**70.** Find the wrong term in the given series –

G4T, J10R, M20P, P43N, S90L

**(A)** G4T **(B)** J10R

**(C)** M20P **(D)** P43N

निम्न श्रेणी में गलत पद ज्ञात करें –

G4T, J10R, M20P, P43N, S90L

**(A)** G4T **(B)** J10R

**(C)** M20P **(D)** P43N

**71.** Complete the series –

_bbca_bcca_ac_a_cb

**(A)** abcba **(B)** acbab

**(C)** bacab **(D)** bcaab


श्रृंखला पूर्ण करें –

_bbca_bcca_ac_a_cb

**(A)** abcba **(B)** acbab

**(C)** bacab **(D)** bcaab


72. How many straight lines are there in the given figure?



(A) 9 (B) 11

(C) 15 (D) 48

निम्न चित्र में कितनी सरल रेखाएं हैं?



(A) 9 (B) 11

(C) 15 (D) 48

73. If 'South–East' becomes 'North', 'North–East' becomes 'West' and so on, then what will 'West' become?

(A) North – East (B) North – West

(C) South – East (D) None of these

यदि 'दक्षिण–पूर्व' उत्तर हो जाए, 'उत्तर–पूर्व' पश्चिम हो जाए तथा अन्य दिशाएं भी इसी प्रकार बदल दी जाएं, तो पश्चिम क्या हो जाएगा?

(A) उत्तर – पूर्व (B) उत्तर – पश्चिम

(C) दक्षिण – पूर्व (D) इनमें से कोई नहीं

**Directions (Q. 74 & 75) :**

Here, Column I shows the percentage of viewers of each village, P,Q,R,S, who watch less than 3 movies on television per week. Column II shows the total number of viewers of each village who watch 3 or more movies on television per week. Study the table and answer the following questions :

| | **Village** | | | |
|---|---|---|---|---|
| | P | Q | R | S |
| **I** | 50 | 56 | 70 | 58 |
| **II** | 4250 | 3960 | 3000 | 4410 |

74. How many viewers are there in the village R, who watch less than 3 movies on television per week?

(A) 7000 (B) 3000

(C) 5000 (D) 2500

**निर्देश (प्रश्न 74 एवं 75) :**

यहां स्तम्भ I में प्रत्येक गांव, P,Q,R,S के उन दर्शकों के प्रतिशत को दर्शाया गया है, जो प्रति सप्ताह टेलीविजन पर 3 से कम फिल्में देखते हैं। स्तम्भ II में प्रत्येक गांव के उन दर्शकों की कुल संख्या को दर्शाया गया है, जो प्रति सप्ताह टेलीविजन पर 3 या 3 से अधिक फिल्में देखते हैं। सारणी का अध्ययन करके निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

| | गांव | | | |
|---|---|---|---|---|
| | P | Q | R | S |
| I | 50 | 56 | 70 | 58 |
| II | 4250 | 3960 | 3000 | 4410 |

गांव R में कितने दर्शक ऐसे हैं, जो प्रति सप्ताह टेलीविजन पर 3 से कम फिल्में देखते हैं?

(A) 7000 (B) 3000

(C) 5000 (D) 2500



75. The village, where the number of people watching movies on television is the lowest –

(A) R (B) S

(C) P (D) Q

वह गांव, जहां टेलीविजन पर फिल्में देखने वालों की संख्या सबसे कम है –

(A) R (B) S

(C) P (D) Q

76. In a group of five persons Kamal is the tallest, while Lata is the shortest. Rashmi is shorter than Kamal but taller than Vandana and Prem. Prem is second shortest person in the group. Who is the third tallest?

(A) Vandana (B) Rashmi

(C) Prem (D) Lata

5 व्यक्तियों के समूह में कमल सबसे लंबा है, जबकि लता सबसे छोटी है। रश्मि, कमल से छोटी है लेकिन वंदना और प्रेम से लंबी है। प्रेम समूह में दूसरा सबसे छोटा व्यक्ति है। तीसरा सबसे लंबा कौन है?

(A) वंदना (B) रश्मि

(C) प्रेम (D) लता

77. There are five men P, Q, R, S and T, six women I, J, K, L, M and N. P, Q and K are lawyers; R, S, I, J and L are engineers and rest are doctors. Some teams are to be selected from these eleven persons subject to the following conditions :

1. P, I and N have to be placed together.
2. Q cannot be placed with S or K.
3. T and J have to be placed together.
4. S cannot be placed with I.
5. R cannot be placed with J.

If the team consists of two male lawyers, two female engineers and one doctor, then the members of the team will be –

(A) P, Q, I, J, N (B) P, K, I, J, N

(C) P, K, I, L, N (D) P, Q, I, L, N

पांच पुरुष P, Q, R, S और T, छः महिला I, J, K, L, M और N हैं। P, Q और K वकील हैं; R, S, I, J और L इंजीनियर हैं और शेष डॉक्टर हैं। निम्नलिखित स्थितियों के अधीन इन ग्यारह व्यक्तियों में से कुछ टीमों का चयन किया जाता है –

1. P, I और N को एक साथ रखना है।
2. Q को S या K के साथ नहीं रखा जा सकता है।
3. T और J को एक साथ रखना है।
4. S को I के साथ नहीं रखा जा सकता है।
5. R को J के साथ नहीं रखा जा सकता है।

यदि टीम में दो पुरुष वकील, दो महिला इंजीनियर और एक डॉक्टर हों, तो टीम के सदस्य होंगे –

(A) P, Q, I, J, N (B) P, K, I, J, N

(C) P, K, I, L, N (D) P, Q, I, L, N

78. The angle between the hands of a clock, when the time is 4:25 am, is –

(A) $13\frac{1}{2}°$ (B) $17\frac{1}{2}°$

(C) $19\frac{1}{2}°$ (D) $21\frac{1}{2}°$

एक घड़ी की सुइयों के बीच का कोण, जब समय 4:25 पूर्वाह्न है, होगा –

(A) $13\frac{1}{2}°$ (B) $17\frac{1}{2}°$

(C) $19\frac{1}{2}°$ (D) $21\frac{1}{2}°$

79. Find the correct group of signs to solve the equation –

24 * 16 * 8 * 32

(A) ÷ – = (B) – + =

(C) × ÷ = (D) + – =

समीकरण को हल करने के लिए संकेतों का सही समूह खोजें –

24 * 16 * 8 * 32

(A) ÷ – = (B) – + =

(C) × ÷ = (D) + – =

**80.** Ramesh was counting down starting from 31. Sumit was counting straight starting from 1 and he was saying only odd numbers. If they were speaking at the same speed, what same number would they say together?

(A) 19 (B) 17
(C) 21 (D) 23

रमेश 31 से शुरू करते हुए उलटी गिनती कर रहा था। सुमित 1 से शुरू करते हुए सीधी गिनती कर रहा था और वह केवल विषम संख्याएं बोल रहा था। यदि वे एक ही गति से बोल रहे थे, तो वे एक साथ कौनसी समान संख्या बोलेंगे?

(A) 19 (B) 17
(C) 21 (D) 23

**81.** Out of 1865 people, 660 can speak English and 1305 can speak Hindi. But 120 people can't speak either language. Then how many people can speak both language?

(A) 120 (B) 220
(C) 440 (D) 1085

1865 लोगों में से, 660 अंग्रेजी बोल सकते हैं तथा 1305 लोग हिन्दी बोल सकते हैं। परन्तु 120 लोग दोनों में से कोई भी भाषा नहीं बोल सकते हैं, तो कितने लोग दोनों भाषा बोल सकते हैं?

(A) 120 (B) 220
(C) 440 (D) 1085


**82.** If 'SWAMINATHAN' is coded as 'NAHTANIMAWS' in a certain code language, then how would you code 'SIRNAME' in that language?

(A) EMAMSIR (B) EMARNIS
(C) EMNARIS (D) EMANRIS

यदि एक निश्चित कूट भाषा में 'SWAMINATHAN' को 'NAHTANIMAWS' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो आप उसी भाषा में 'SIRNAME' को कैसे कूटबद्ध करेंगे?

(A) EMAMSIR (B) EMARNIS
(C) EMNARIS (D) EMANRIS


**83.** The area of shaded region given below is –



When ABCD is a square of side 14 cm.

(A) 32 $cm^2$ (B) 42 $cm^2$
(C) 52 $cm^2$ (D) 62 $cm^2$

निम्न आकृति में छायांकित क्षेत्र का क्षेत्रफल होगा –



जहां ABCD भुजा 14 cm का एक वर्ग है।

(A) 32 $cm^2$ (B) 42 $cm^2$
(C) 52 $cm^2$ (D) 62 $cm^2$

**84.** In what ratio does the points (–4, 6) divides the line segment joining the points A (–6, 10) and B (3, –8)?

(A) 2:7 (B) 3:7
(C) 4:7 (D) 5:7

बिंदु (–4, 6), बिंदुओं A (–6, 10) और B (3, –8) को जोड़ने वाले रेखाखण्ड को किस अनुपात में विभाजित करता है?

(A) 2:7 (B) 3:7
(C) 4:7 (D) 5:7



**85.** A teacher wants to see, whether the new technique of teaching she applied after quarterly test was effective or not. She takes the scores of the 5 weakest children in quarterly test (out of 25) and half yearly test (out of 25) –

| Students | Ashish | Arun | Kavita | Maya | Raj |
|---|---|---|---|---|---|
| Quarterly | 10 | 15 | 12 | 20 | 9 |
| Half yearly | 15 | 18 | 16 | 21 | 5 |

Which of the following is true?

(A) Teacher should not use new technique.
(B) Teacher should use new technique.
(C) Teacher should use old technique.
(D) None

एक अध्यापिका यह जानना चाहती है कि तिमाही परीक्षा के बाद उसके द्वारा पढ़ाई में अपनाई गई नई तकनीक का क्या प्रभाव पड़ा। वह सबसे कमज़ोर 5 बच्चों द्वारा तिमाही परीक्षा (25 में से) और छ:माही परीक्षा (25 में से) में प्राप्त किए अंकों को लेती है, जो इस प्रकार है –

| विद्यार्थी | आशीष | अरुण | कविता | माया | राज |
|---|---|---|---|---|---|
| तिमाही | 10 | 15 | 12 | 20 | 9 |
| छ:माही | 15 | 18 | 16 | 21 | 5 |

निम्नलिखित में कौनसा सही है?

(A) अध्यापिका को नई तकनीक नहीं अपनानी चाहिए।
(B) अध्यापिका को नई तकनीक अपनानी चाहिए।
(C) अध्यापिका को पुरानी तकनीक अपनानी चाहिए।
(D) उक्त कोई नहीं

**86.** A couple has a son and a daughter. The age of the father is four times that of the son and the age of the daughter is one-third of that of her mother. The wife is 6 years younger to her husband and the sister is 3 years older than her brother. The mothers age is –

(A) 42 years (B) 48 years
(C) 54 years (D) 63 years

एक दंपति का एक बेटा और बेटी है। पिता की आयु पुत्र की आयु की चार गुनी है और पुत्री की आयु उसकी माता की आयु की एक तिहाई है। पत्नी अपने पति से 6 वर्ष छोटी है और बहन अपने भाई से तीन वर्ष बड़ी है। मां की उम्र है –

(A) 42 वर्ष (B) 48 वर्ष
(C) 54 वर्ष (D) 63 वर्ष

**87.** If 'BLACK' is written as 1242133 in a code language, then how will 'RED' be written in that code language?

(A) 5619 (B) 5618
(C) 4518 (D) 4519

यदि किसी सांकेतिक भाषा में 'BLACK' को 1242133 लिखा जाता है, तो उसी सांकेतिक भाषा में 'RED' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(A) 5619 (B) 5618
(C) 4518 (D) 4519

**88.** The calendar for the year 2009 will be the same as that of the year –

(A) 2013 (B) 2015
(C) 2017 (D) 2019

वर्ष 2009 का कैलेंडर किस वर्ष के कैलेंडर जैसा ही होगा?

(A) 2013 (B) 2015
(C) 2017 (D) 2019

89. If a : (b + c) = 1 : 3 and c : (a + b) = 5 : 7, then b : (a + c) is equal to –

(A) 1 : 2 (B) 2 : 1

(C) 2 : 3 (D) 1 : 3

यदि a : (b + c) = 1 : 3 और c : (a + b) = 5 : 7 हो, तो b : (a + c) बराबर है –

(A) 1 : 2 (B) 2 : 1

(C) 2 : 3 (D) 1 : 3

90. In a flower bed, there are 23 rose plant in first row, 21 in 2nd row, 19 in 3rd row and so on. There are 5 rose plants in last row. How many rows are there in the flower bed?

(A) 8 (B) 9

(C) 10 (D) 11

फूलों की एक क्यारी की पहली पंक्ति में 23 गुलाब के पौधे हैं, दूसरी पंक्ति में 21 गुलाब के पौधे हैं, तीसरी पंक्ति में 19 गुलाब के पौधे हैं इत्यादि। उसकी अंतिम पंक्ति में 5 गुलाब के पौधे हैं, तो क्यारी में कितनी पंक्तियां हैं?

(A) 8 (B) 9

(C) 10 (D) 11

91. Equation are solved on the basis of a certain system, on the same basis. Find out the correct answer for the equation,

if $5 \times 8 = 28$, $3 \times 7 = 12$, $8 \times 6 = 35$, then $13 \times 13$ is equal to –

(A) 169 (B) 148

(C) 144 (D) 130

समीकरणों को एक विशेष प्रणाली के आधार पर हल किया गया है। इसी आधार पर, समीकरण का सही उत्तर ज्ञात कीजिए –

यदि $5 \times 8 = 28$, $3 \times 7 = 12$, $8 \times 6 = 35$, तो $13 \times 13$ बराबर है –

(A) 169 (B) 148

(C) 144 (D) 130

92. Four persons A, B, C and D are seated around a table and discussing their trades –

(i) A is opposite to the Cook.

(ii) B is right to the Barber.

(iii) The Washerman is to the left of Tailor.

(iv) D sits opposite to C.

What are the trades of A and B?

(A) Tailor and Barber (B) Barber and Cook

(C) Tailor and Cook (D) Tailor and Washerman

चार व्यक्ति A, B, C तथा D एक गोल मेज पर बैठे हैं तथा अपने व्यापार पर विचार विमर्श कर रहे हैं –

(i) A, रसोईया के विपरीत बैठा है।

(ii) B, नाई के दाहिनी ओर है।

(iii) धोबी, दर्जी के बायीं ओर है।

(iv) D, C के विपरीत बैठा है।

A व B के व्यापार क्या हैं?

(A) दर्जी तथा नाई (B) नाई तथा रसोईया

(C) दर्जी तथा रसोईया (D) दर्जी तथा धोबी

93. How many 4's are there in the following number series which are immediately preceded by 8, but not immediately followed by 9?

1 4 9 3 4 5 8 4 9 3 8 4 6 7 8 4 5 2 6 4 9 1 3 1 6 8 4 7

(A) 4 (B) 3

(C) 2 (D) 1

निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में ऐसे कितने 4 हैं जिनके ठीक पहले 8 है, लेकिन ठीक बाद में 9 नहीं है?

1 4 9 3 4 5 8 4 9 3 8 4 6 7 8 4 5 2 6 4 9 1 3 1 6 8 4 7

(A) 4 (B) 3

(C) 2 (D) 1



94. At what time between 2 and 3 O'clock will the hands of the clock be opposite?

(A) 2 hr. 45 min. (B) 3 O'clock

(C) 2 hr. $43\frac{7}{11}$ min. (D) 2 hr. 35 min.

2 तथा 3 बजे के मध्य घड़ी की दोनों सुइयां कब एक–दूसरे के विपरीत होंगी?

(A) 2 बजकर 45 मिनट पर (B) 3 बजे

(C) 2 बजकर $43\frac{7}{11}$ बजे (D) 2 बजकर 35 मिनट पर

95. A question and two statements are given below. You have to decide which statement is sufficient to answer the given question.

What is the shortest distance between K and M?

**Statements :** (I) K is 200 km away from L.

(II) M is 300 km away from L.

(A) Only I is sufficient

(B) Only II is sufficient

(C) Both I and II are sufficient together

(D) Neither I nor II are sufficient

एक प्रश्न और दो कथन नीचे दिए गए हैं। आपको तय करना है कि दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए कौनसा कथन पर्याप्त है।

K और M के बीच लघुत्तम दूरी क्या है?

**कथन :** (I) K, L से 200 कि.मी. दूर है।

(II) M, L से 300 कि.मी. दूर है।

(A) केवल I पर्याप्त है

(B) केवल II पर्याप्त है

(C) I और II दोनों एक साथ पर्याप्त है

(D) न तो I ना ही II पर्याप्त हैं

96. The converse of the statement "If a plant has flowers, then it is alive." is -

(A) If a plant has no flower, then it is not alive.

(B) If a plant has no flower, then it is alive.

(C) If plant is alive, then it has flowers.

(D) If plant is not alive, then it has flowers.

"यदि पौधे में फूल लगे हुए हों, तो वह सजीव होता है।" का विलोम कथन होगा –

(A) यदि पौधे में फूल न लगे हुए हों, तो वह सजीव नहीं होता है।

(B) यदि पौधे में फूल न लगे हुए हों, तो वह सजीव होता है।

(C) यदि पौधा सजीव है, तो उसमें फूल लगे होते हैं।

(D) यदि पौधा सजीव न हो, तो उसमें फूल लगे होते हैं।

97. In the question given below two statements are given, which are followed by two conclusions I and II. Assuming that the statements are true. Decide which conclusion logically follows the given statements.

**Statements** : No scooter is ball.

No ball is wicket.

**Conclusions** : (I) No scooter is wicket.

(II) All wickets are scooter.

(A) Only conclusion I follows

(B) Only conclusion II follows

(C) Both conclusion I and II follow

(D) Neither conclusion I nor conclusion II follows

नीचे दिए गए प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं, जिनका अनुसरण दो निष्कर्षों I और II द्वारा किया जाता है। आपको कथनों को सत्य मानकर विचार करना है। तय करें कि कौन सा निष्कर्ष तार्किक रूप से दिए गए कथनों का अनुसरण करता है।

**कथन** : कोई स्कूटर बॉल नहीं है।

कोई बॉल विकेट नहीं है।

**निष्कर्ष** : (I) कोई स्कूटर विकेट नहीं है।

(II) सभी विकेट स्कूटर हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

(C) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

(D) न तो निष्कर्ष I और ना ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

98. P is 8 ranks ahead of Q who ranks twenty – sixth in a group of 42. What is the rank of P from the last?

(A) 18th (B) 19th

(C) 24th (D) 25th

P, Q से 8 स्थान आगे है, जो कि 42 के एक समूह में 26वें स्थान पर है। P का स्थान अंतिम से क्या है?

(A) 18वां (B) 19वां

(C) 24वां (D) 25वां

99. A question and two statements are given below. You have to decide which statement is sufficient to answer the given question.

What is the code for 'No'?

**Statements** : (I) "Pa Sic Lo Ne" means "But No And None" and "Pa Lo Le Ne" means "If None And But".

(II) "Le Se Ne Sic" means "If No None Will" and "Le Pi Se Be" means "Not None If All".

(A) Only I is sufficient

(B) Only II is sufficient

(C) Both I and II are sufficient together

(D) Neither I nor II are sufficient

एक प्रश्न और दो कथन नीचे दिए गए हैं। आपको तय करना है कि दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए कौनसा कथन पर्याप्त है?

'No' का कूट क्या है?

**कथन** : (I) "Pa Sic Lo Ne" का अर्थ "But No And None" और "Pa Lo Le Ne" का अर्थ "If None And But" है।

(II) "Le Se Ne Sic" का अर्थ "If No None Will" और "Le Pi Se Be" का अर्थ "Not None If All" है।

(A) केवल I पर्याप्त है

(B) केवल II पर्याप्त है

(C) I और II दोनों एक साथ पर्याप्त हैं

(D) न तो I ना ही II पर्याप्त है

100. Find the missing number in the following figure –

| | | |
|---|---|---|
| 865 | 9 | 712 |
| 982 | ? | 543 |

(A) 7 (B) 8

(C) 9 (D) 10

निम्न चित्र में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए –

| | | |
|---|---|---|
| 865 | 9 | 712 |
| 982 | ? | 543 |

(A) 7 (B) 8

(C) 9 (D) 10

-----------------------



Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

परीक्षा का नाम एवं कोडः **वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा-2022 (प्रथम प्रश्न पत्र), 119A** परीक्षा की दिनांकः **19-06-2022**

**अन्तिम उत्तर कुंजी**

| प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या | प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या | प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या | प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D | 26 | B | 51 | D | 76 | A |
| 2 | D | 27 | B | 52 | C | 77 | D |
| 3 | D | 28 | C | 53 | B | 78 | B |
| 4 | C | 29 | A | 54 | B | 79 | D |
| 5 | B | 30 | C | 55 | D | 80 | C |
| 6 | D | 31 | D | 56 | B | 81 | B |
| 7 | D | 32 | A | 57 | A | 82 | D |
| 8 | B | 33 | B | 58 | C | 83 | B |
| 9 | B | 34 | C | 59 | B | 84 | A |
| 10 | D | 35 | D | 60 | D | 85 | B |
| 11 | B | 36 | A | 61 | C | 86 | C |
| 12 | A | 37 | B | 62 | C | 87 | A |
| 13 | D | 38 | D | 63 | B | 88 | B |
| 14 | D | 39 | A | 64 | C | 89 | A |
| 15 | A | 40 | A | 65 | A | 90 | C |
| 16 | C | 41 | A | 66 | C | 91 | C |
| 17 | B | 42 | C | 67 | C | 92 | C |
| 18 | A | 43 | C | 68 | B | 93 | B |
| 19 | C | 44 | D | 69 | D | 94 | C |
| 20 | D | 45 | C | 70 | B | 95 | D |
| 21 | C | 46 | B | 71 | B | 96 | C |
| 22 | C | 47 | D | 72 | Delete | 97 | D |
| 23 | B | 48 | D | 73 | C | 98 | D |
| 24 | A | 49 | D | 74 | A | 99 | A |
| 25 | D | 50 | B | 75 | C | 100 | A |

सचिव

दिनांकः 31-08-2022